# दूजा दुनिया में मेरे श्याम सा यार नही

मेरे श्याम का दिल जो जीत लिया तेरी होगी हार नही,
दूजा दुनिया में मेरे श्याम सा यार नही

यारो का यार हारे का सहारा पल में सहारा देता,
साथी न कोई जिसका जगत में उसके साथ रेहता संवारा,
साथी मेरे श्याम के जैसा जग में और नही
दूजा दुनिया में मेरे श्याम सा यार नही

कलयुग में यार ऐसा दूजा मिले न साथ निभाने वाला,
बंद किस्मत का खोल देगा ताला ये खाटू वाला
बिन मांगे दे देता है करे पल की देर नही
दूजा दुनिया में मेरे श्याम सा यार नही

हारे का हाथ पकड़ता है पल में साथ खड़ा रेहता
हार के आया हु मैं भी शरण में राणा जी ये केहता,
सतवीर खन्ना समज गया तेरा मेरे बिन कोई नही
दूजा दुनिया में मेरे श्याम सा यार नही

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20695/title/duja-duniya-me-mere-shyam-sa-yaar-nhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |